# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2023 (ANNUAL)

## SIL - HINDI (NLH)

Sub. Code - 106

**द्वितीय भारतीय भाषा–हिन्दी**

**Time : 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**समय : 03 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**Total No. of Questions :- 100 +6 =106**

**कुल प्रश्नों की संख्या :– 100 + 6 = 106**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में है – खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं; जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड–ब में 06 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित है।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। 50X1=50

1. 'ईदगाह' शीर्षक कहानी में किसने कहा कि – 'तुम डरना नहीं अम्मा, मैं सबसे पहले आऊँगा।'

(A) नूरे ने (B) हामिद ने

(C) मोहसिन ने (D) सम्मी ने

2. पुत्र की मृत्यु होने पर बालगोबिन भगत क्या कर रहे थे ?

(A) रो रहे थे। (B) नाच रहे थे।

(C) गा रहे थे। (D) सोच रहे थे।

3. 'आज नेनू मथ रही थी, तुम्हारी याद आई' – यह किसने कहा ?

(A) भाभी ने (B) चाची ने

(C) दीदी ने (D) लेखक की माँ ने

4. 'इसी बीच मेरी नानी की मौसी मुझे देखने आई' – यह पंक्ति किस शीर्षक पाठ की है?

(A) चिकित्सा का चक्कर (B) दीदी की डायरी

(C) हुंडरू का जलप्रपात (D) हौसले की उड़ान

5. दंत चिकित्सक ने लेखक बेढब बनारसी से प्रति दाँत तोड़ने की फीस कितनी बताई ?

(A) एक रूपये (B) तीन रूपये

(C) दो रूपये (D) चार रूपये

6. ईदगाह के पास किन वृक्षों की छाया है ?

(A) आम (B) पीपल

(C) इमली (D) नीम

7. बालगोबिन भगत अपने खेत की पैदावार भेंट रूप में कहाँ दे आते थे ?

(A) जैन आश्रम में (B) काली मंदिर में

(C) बौद्ध आश्रम में (D) कबीरपंथी मठ में

8. निम्न में से कौन–सी रचना फणीश्वरनाथ 'रेणु' की है ?

(A) बालगोबिन भगत (B) हुंडरू का जलप्रपात

(C) अशोक का शस्त्र–त्याग (D) दीदी की डायरी

9. विक्रमशिला विश्वविद्यालय का आविर्भाव किस शताब्दी के मध्य में हुआ ?

(A) सातवीं शताब्दी (B) आठवीं शताब्दी

(C) नौवीं शताब्दी (D) दसवीं शताब्दी

10. 'अशोक का शस्त्र–त्याग' शीर्षक पाठ गद्य की कौन विधा है ?

(A) निबंध (B) कहानी

(C) एकांकी (D) डायरी

11. 'हौसले की उड़ान' शीर्षक पाठ किससे हमारा परिचय कराता है ?

(A) बेटियों के कष्ट से (B) बेटियों के पोशाक से

(C) बेटियों के विचार से (D) बेटियों के संघर्ष और उनके हौसले से

12. हुंडरू जलप्रपात का पानी किसकी तरह चक्कर काटता है ?

(A) साँप की तरह (B) बाघ की तरह

(C) हरिण की तरह (D) ऊँट की तरह

13. 'भैंस से दूध लेना है या कशीदाकारी करवानी है।' – यह किसने कहा ?

(A) हाथी मालिक ने (B) भैंस मालिक ने

(C) दूध खरीददार ने (D) घोड़ा मालिक ने

14. 'जननायक कर्पूरी ठाकुर' शीर्षक पाठ में लिफ्ट के उपर कहाँ लिखा हुआ था –'' *"Only for officers"*?

(A) न्यायालय में (B) कारागार में

(C) सचिवालय में (D) चिकित्सालय में

15. 'ठेस' शीर्षक पाठ के पंचानन्द चौधरी किस टोली के थे ?

(A) वैश्य टोली के (B) क्षत्रिय टोली के

(C) कायस्थ टोली के (D) ब्राह्मण टोली के

16. चार साल से युद्ध होने के बाद भी कौन जीता नहीं जा सका।

(A) कलिंग (B) दुर्ग

(C) बक्सर (D) पानीपत

17. ईर्ष्या का संबंध किससे होता है ?

(A) धनवान से (B) प्रतिद्वंद्वियों से

(C) कमजोर से (D) गरीब से

18. 'ईर्ष्याः तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ में, किसी व्यक्ति के पतन का कारण क्या होता है ?

(A) झूठ (B) चोरी

(C) सद्‌गुणों का ह्रास (D) बेईमानी

19. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में 3 जनवरी, 97 का दिन कैसा रहा ?

(A) गाने का (B) नाचने का

(C) बजाने का (D) पिकनिक का

20. 'यथा नियुक्तऽस्मि तथा करोमि' को अक्षरशः किसने चरितार्थ किया ?

(A) दीनबन्धु निराला ने (B) रामवृक्ष बेनीपुरी ने

(C) प्रेमचंद ने (D) वंशीधर श्रीवास्तव ने

21. बेटे के क्रिया–कर्म करने के बाद बालगोबिन भगत अपनी पतोहू को कहाँ भेज दिए ?

(A) तीर्थ स्थल पर (B) मायके

(C) काम करने के लिए (D) भिक्षा माँगने के लिए

22. 'ठेस' शीर्षक पाठ में, किस दिन चिक की पहली पाँति में सात तारे जगमगा उठे, सात रंग के ?

(A) पहले दिन (B) चौथे दिन

(C) दूसरे दिन (D) पाँचवें दिन

23. 'संजू' स्वभाव से कैसी है ?

(A) गुस्सैल (B) चंचल

(C) रोने वाली (D) हँसमुख

24. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के व्यक्तित्व और जीवन के अनछुए पहलुओं का उद्घाटन किस पाठ के द्वारा किया गया है ?

(A) 'दीनबंधु निराला' (B) 'ईदगाह'

(C) 'ठेस' (D) 'बालगोबिन भगत'

25. 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) निबंध (B) रेखाचित्र

(C) कहानी (D) यात्रा वृतान्त

26. 'अशोक का शस्त्र त्याग' शीर्षक पाठ में किसके महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है ?

(A) दान के महत्त्व पर (B) लालच के महत्त्व पर

(C) अहिंसा के महत्त्व पर (D) साम्राज्य विस्तार के महत्त्व पर

27. सही–संतुलित जीवन के प्रति एक दृष्टिकोण विकसित करने की सीख किस शीर्षक पाठ में मिलती है ?

(A) चिकित्सा का चक्कर (B) खेमा

(C) हुंडरू का जलप्रपात (D) ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से

28. 'खेमा' शीर्षक पाठ में होटल के पास क्लिनिक होने से सुबह–शाम ज्यादा क्या बिकती थी ?

(A) चाय (B) दूध

(C) पानी (D) खाना

29. हिंदी में स्वर वर्ण कितने हैं ?

(A) 18 (B) 11

(C) 20 (D) 16

30. 'ख' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) तालु
(B) मूर्द्धा
(C) कंठ
(D) दंत

31. 'र' कौन व्यंजन है ?

(A) उष्म व्यंजन
(B) स्पर्श व्यंजन
(C) संयुक्त व्यंजन
(D) अंतःस्थ व्यंजन

32. 'एकैक' का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) एक + एक
(B) ए + कैक
(C) एकै + क
(D) एकए + क

33. 'हरि' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक
(B) भाववाचक
(C) व्यक्तिवाचक
(D) समूहवाचक

34. 'दया' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुंलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

35. निम्न शब्दों में तत्सम शब्द कौन है ?

(A) भाप
(B) ओष्ठ
(C) पगड़ी
(D) कीमत

36. 'अनुज' शब्द का स्त्रीलिंग क्या है ?

(A) अनुजी
(B) अनुजीन
(C) अनुजा
(D) अनुजाइन

37. वचन कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) तीन
(B) छह
(C) चार
(D) दो

38. कारक कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) आठ
(B) छह
(C) पाँच
(D) चार

39. 'मोहन ने बैल को मारा' – किस कारक का उदारण है ?

(A) करणकारक
(B) कर्मकारक
(C) संप्रदानकारक
(D) अपादानकारक

40. 'उसने कुछ नहीं खाया।' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निश्चयवाचक
(B) संबंधवाचक
(C) अनिश्चयवाचक
(D) प्रश्नवाचक

41. जो संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे क्या कहते हैं ?

(A) क्रिया
(B) काल
(C) वचन
(D) विशेषण

42. 'बहुत दूध।' – किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) परिमाणबोधक विशेषण
(B) संख्यावाचक विशेषण
(C) गुणवाचक विशेषण
(D) सार्वनामिक विशेषण

43. रचना की दृष्टि से क्रिया के कितने भेद होते हैं ?

(A) तीन
(B) दो
(C) चार
(D) पाँच

44. 'बूँद–बूँद से घड़ा भरता है।' – यह किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) अकर्मक (B) सकर्मक

(C) संयुक्त (D) द्विकर्मक

45. 'मैंने खाना खा लिया है।' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) भूतकाल (B) वर्तमानकाल

(C) भविष्यतकाल (D) इनमें से कोई नहीं

46. उत्पत्ति की दृष्टि से शब्द के कितने भेद होते हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) सात

47. 'परिणाम' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) प (B) पर्

(C) पर (D) परि

48. 'नयन' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) अन (B) यन

(C) न (D) न्

49. 'शिव' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) शिवि (B) शैव

(C) शेव (D) शिवा

50. 'परमेश्वर' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव समास (B) तत्पुरूष समास

(C) कर्मधारय समास (D) द्वंद्व समास

51. 'गोली से घायल सिपाही।' – यह किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) विशेषण – पदबंध (B) सर्वनाम – पदबंध

(C) क्रिया विशेषण – पदबंध (D) संज्ञा – पदबंध

52. रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने प्रकार हैं ?

(A) तीन (B) दो

(C) चार (D) पाँच

53. 'अगम' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) उत्तम (B) सुगम

(C) विज्ञ (D) उदय

54. कवि शंकर शैलेन्द्र जमीन पर क्या उतार लाने को कहते हैं ?

(A) नरक (B) आकाश

(C) स्वर्ग (D) चाँद

55. 'मानते जी की हैं, सुनते हैं सदा सबकी कही।' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) बिहारी के दोहे (B) बच्चे की दुआ

(C) पीपल (D) कर्मवीर

56. 'कुमति' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) खराब बुद्धि (B) शपथ

(C) अच्छी बुद्धि (D) गुण

57. प्रेम, भक्ति और नीतिपरक दोहे निम्न में से किस कवि ने लिखे हैं ?

(A) गोपाल सिंह 'नेपाली' (B) बिहारी

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान (D) अरूण कमल

58. 'हो मेरा काम गरीबों की हिमायत करना' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) झाँसी की रानी (B) सुदामा चरित

(C) बच्चे की दुआ (D) खुशबू रचते हैं हाथ

59. भगवान् कृष्ण के बाल–सखा सुदामा जी क्या करते थे ?

(A) भिक्षा माँगते थे। (B) खेती करते थे।

(C) दुकान चलाते थे। (D) सिलाई करते थे।

60. ईश्वर या अल्लाह को बाहर ढूंढने की जगह, अपने भीतर ही साक्षात्कार की बात किस कवि ने की है ?

(A) नरोत्तमदास (B) कबीर

(C) मो0 इकबाल (D) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

61. 'राह भटके हिरन के बच्चे को' शीर्षक कविता में राह कौन भटक गया है ?

(A) बछड़ा (B) बच्चा

(C) नन्हा हिरन (D) इनमें से कोई नहीं

62. 'पीपल' शीर्षक कविता के कवि का नाम क्या है ?

(A) शंकर शैलेन्द्र (B) बिहारी

(C) मो0 इकबाल (D) गोपाल सिंह 'नेपाली'

63. निम्न में से कौन कविता वंचित लोगों के समृद्ध अवदान की संवेदनशीलता को रेखांकित करती है ?

(A) खुशबू रचते हैं हाथ (B) कबीर के पद

(C) झाँसी की रानी (D) बच्चे की दुआ

64. 'राह भटके हिरन के बच्चे को' शीर्षक कविता के अनुवादक कौन हैं ?

(A) निरंजन सहाय (B) राजेन्द्र प्रसाद मिश्र

(C) विमलेन्द्र विमल (D) शरदेन्दु मिश्र

65. 'झाँसी की रानी' शीर्षक कविता किससे हमारा ओजपूर्ण साक्षात्कार कराती है ?

(A) कुटिलता से (B) अपने देश से

(C) जीवन वृत्त संघर्ष और विद्रोह से (D) असफलता से

66. 'लक्ष्मी थी या दुर्गा थी वह स्वयं वीरता की अवतार' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) सुदामा चरित (B) बच्चे की दुआ

(C) बिहारी के दोहे (D) झाँसी की रानी

67. खुशबू रचनेवाले हाथ कैसी परिस्थितियों में रह रहे हैं ?

(A) दयनीय परिस्थिति में (B) सुख में

(C) खुशनुमा माहौल में (D) अमीरी में

68. बिहारी के दोहे में 'कनक' शब्द का प्रयोग किन–किन अर्थों में किया गया है ?

(A) चाँदी और लोहा (B) धतूरा और सोना

(C) घास और ताँबा (D) वृक्ष और पीतल

69. 'सुदामा चरित' शीर्षक कविता में, पत्नी द्वारा दी हुई चावल की पोटली को सुदामा जी कहाँ छुपा रखे थे ?

(A) झोला में (B) कपड़े में

(C) काँख में (D) गठरी में

70. 'विरानी' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) सूनी
(B) नतीजा
(C) भाव
(D) समाप्त

71. 'झाँसी की रानी' शीर्षक कविता में, वीर शिवाजी की कहानियाँ किसे जुबानी याद थीं?

(A) रमाबाई को
(B) लक्ष्मीबाई को
(C) जोधाबाई को
(D) सावित्रीबाई को

72. कवि मो0 इकबाल की कविता निम्न में से कौन है ?

(A) तू जिन्दा है तो ..........
(B) कर्मवीर
(C) बच्चे की दुआ
(D) पीपल

73. कर्मवीर चिलचिलाती धूप को क्या बना देते हैं ?

(A) रात
(B) छाँव
(C) सुबह
(D) चाँदनी

74. बच्चे अल्लाह से किस चीज से अपने को बचाने की दुआ करते हैं ?

(A) बुराई से
(B) नुकसान से
(C) गरीबी से
(D) बीमारी से

75. बिहारी किस काल के कवि हैं ?

(A) भक्तिकाल
(B) रीतिकाल
(C) आदिकाल
(D) आधुनिककाल

76. 'मोको कहाँ ढूंढ़े बंदे' इस पंक्ति में 'मोको' शब्द से किसे संबोधित किया गया है ?

(A) मनुष्य को
(B) ईश्वर को
(C) जीव को
(D) पशु को

77. ''कानन का यह तरूवर पीपल युग युग से जग में अचल, अटल'' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) झाँसी की रानी
(B) खुशबू रचते हैं हाथ
(C) पीपल
(D) कबीर के दोहे

78. 'राह भटके हिरन के बच्चे को' शीर्षक कविता में तारे कहाँ भरे हुए हैं ?

(A) आकाश में
(B) पर्वत पर
(C) जमीन पर
(D) इनमें से कोई नहीं

79. दोनों आँखों में आँसू भरकर कौन सुदामा जी से कुशल–क्षेम पूछ रहे हैं ?

(A) माता यशोदा
(B) श्रीकृष्ण
(C) राधा
(D) रूक्मिणी

80. 'बूढ़े भारत में भी आई फिर से नई जवानी थी'' – इस पंक्ति में भारत को 'बूढ़ा' क्यों कहा गया है ?

(A) भारत का इतिहास प्राचीन है।
(B) भारत में एकता नहीं थी।
(C) भारत गुलाम था।
(D) भारत की दशा शिथिल और जर्जर हो चुकी थी।

81. निम्न में से कौन–सा वाक्य शुद्ध है ?

(A) अभंग एक प्रकार का मराठी छंद होता है।
(B) मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ।
(C) मेरा नाम श्री अजयकुमारजी है।
(D) वर्तमान महासमर संसार की सबसे बड़ी समस्या है।

82. 'आग' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) अनल (B) निशाचर

(C) अमिय (D) अक्षि

83. 'दो बार जन्म लेनेवाला' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) द्विपद (B) द्विज

(C) अंडज (D) अग्रज

84. 'अधजल गगरी छलकत जाए' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

(A) प्रतिवाद करना (B) पीछा न छोड़ना

(C) डींग हाँकना (D) बहाना करना

85. 'साक्षर' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) अक्षम (B) अक्षम्य

(C) अक्षर (D) निरक्षर

86. 'पुत्री' का पर्यायवाची क्या है ?

(A) परिंदा (B) बेटी

(C) तुंग (D) अद्रि

87. 'अच्छे विद्यार्थी परिश्रमी होते हैं।' – यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) संयुक्त वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

88. 'चंद्रवदन' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय

(C) द्विगु (D) बहुव्रीहि

89. जिस समास में सभी पद प्रधान होते हैं, उसे क्या कहते हैं ?

(A) द्वंद्व समास (B) द्विगु समास

(C) तत्पुरुष समास (D) बहुव्रीहि समास

90. 'प्रिय' शब्द क्या है ?

(A) तद्भव (B) तत्सम

(C) देशज (D) विदेशज

91. 'रोहित कलम से लिखता है।' – यह किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संबोधनकारक (B) कर्मकारक

(C) करणकारक (D) कर्त्ताकारक

92. 'पुस्तक' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) भाववाचक

(C) समूहवाचक (D) जातिवाचक

93. निम्न में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) सम्वाद (B) तदुपरांत

(C) नीरोग (D) उपर्युक्त

94. 'छ' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) दंत (B) तालु

(C) मूर्द्धा (D) ओष्ठ

95. 'उद्धार' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) उ + द्धार (B) उद्धा + र

(C) उत् + हार (D) उद्ध + अर

96. ‘तवर्ग’ का उच्चारण मुँह के किस भाग से होता है ?

(A) कंठ से (B) ओष्ठ से

(C) मूर्द्धा से (D) दंत से

97. ‘य, र, ल, व’ क्या कहलाते हैं ?

(A) अंतःस्थ व्यंजन (B) उष्म व्यंजन

(C) स्पर्श व्यंजन (D) इनमें से कोई नहीं

98. हिंदी में अनुनासिक वर्णों की संख्या कितनी है ?

(A) चार (B) पाँच

(C) सात (D) छह

99. जब एक ही ध्वनि का द्वित्व हो जाए, तब वह क्या कहलाती है ?

(A) संपृक्त ध्वनि (B) संयुक्त ध्वनि

(C) युग्मक ध्वनि (D) अनुतान

100. केवल मुँह से बोले जानेवाले सस्वर वर्णों को क्या कहते हैं ?

(A) अनुनासिक (B) अनुस्वार

(C) विसर्ग (D) निरनुनासिक

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंको का है : 5 X 2 = 10

(क) स्वतंत्रता के बाद के हिंदी कथा साहित्य में कृष्णा सोबती एक बड़े, समर्थ, कद्दावर रचनाकार का नाम है। कृष्णा सोबती एक महिला कथाकार है। इनका जन्म 1925 ई0 में गुजरात में (जो अभी पाकिस्तान का हिस्सा है) हुआ था। कृष्णा सोबती में नैतिक साहस तथा मानसिक स्वातंत्र्य की आध्यात्मिक शक्ति है। यही शक्ति उनके लेखन को कभी पुराना नहीं पड़ने देती। नित्य नयी ताजगी और उत्साह के साथ वे अपने पुराने–नये अनुभवों के भीतर से कोई सूत्र, कोई सिरा उठाकर एक अपूर्व कृति पेश कर देती हैं। इन्हें हिन्दी अकादमी का शलाका सम्मान, बिहार का राजेंद्र शिखर सम्मान सहित अनेक राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं।

(i) कृष्णा सोबती कैसी रचनाकार हैं ?

(ii) कृष्णा सोबती का जन्म किस वर्ष और कहाँ हुआ था ?

(iii) कृष्णा सोबती में कैसी शक्ति है ?

(iv) हिन्दी अकादमी का शलाका सम्मान किसे प्राप्त हुआ था ?

(v) कृष्णा सोबती कैसी कथाकार हैं ?

ख) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म 1886 ई0 में हुआ था। इनका जन्म–स्थान चिरगाँव, जिला झाँसी, उत्तर–प्रदेश था। इन्हें हिंदी, संस्कृत, बंगला, उर्दू आदि भाषाओं का ज्ञान

था। 'रंग में भंग', जयद्रथ वध', 'भारत–भारती', 'पंचवटी' इत्यादि इनकी अनेक रचनाएँ हैं। मैथिलीशरण गुप्त द्विवेदी युग के प्रमुख कवि हैं। ये आधुनिक भारत के प्रथम राष्ट्रकवि के रूप में सम्मानित हैं। गुप्त जी ने 'भारत–भारती' कृति द्वारा हिंदी जनता में जाति और देश के प्रति गर्व और गौरव की भावना भर दी थी, तभी से ये राष्ट्रकवि के रूप में प्रसिद्ध हुए। भारतेंदु युग में स्वदेश प्रेम और जातीय गौरव की जिस भावना का समारंभ हुआ उसके आगामी विकास के सूत्रधार गुप्त जी ही थे। राष्ट्रीय आंदोलन से मैथिलीशरण गुप्त के काव्य का गहरा संबंध रहा है।

(i) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(ii) इनका जन्म–स्थान कहाँ और किस जिला में था ?

(iii) मैथिलीशरण गुप्त को किन भाषाओं का ज्ञान था ?

(iv) मैथिलीशरण गुप्त किस युग के प्रमुख कवि हैं ?

(v) किस रचना के बाद मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रकवि के रूप में प्रसिद्ध हुए ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। 5 X 2 = 10

(क) ज्ञान प्राप्ति के लिए एक ही मार्ग है और वह है 'एकाग्रता'। 'मन की एकाग्रता' ही शिक्षा का सम्पूर्ण सार है। ज्ञानार्जन के लिए निम्नतम श्रेणी के मनुष्य से लेकर उच्चतम योगी तक को इसी एक मार्ग का अवलम्बन करना पड़ता है। एकाग्रता की शक्ति जितनी अधिक होगी, ज्ञान की प्राप्ति भी उतनी ही अधिक हागी। चर्मकार यदि अधिक एकाग्रचित होगा, तो जूता अधिक अच्छा साफ करेगा। रसोईया एकाग्रचित होने से अधिक अच्छा भोजन पकाएगा।

(i) ज्ञान प्राप्ति का मार्ग क्या है ?

(ii) शिक्षा का सम्पूर्ण सार क्या है?

(iii) एकाग्रता की शक्ति अधिक होने से क्या होगा ?

(iv) अच्छा भोजन कौन पकाएगा ?

(v) इस गद्यांश का एक उचित शीर्षक दें।

(ख) देश उसी अनुपात में उन्नति करता है जिस अनुपात में वहाँ के जनसमुदाय में शिक्षा बुद्धि का प्रसार होता है। भारतवर्ष की पतनावस्था का मुख्य कारण यह रहा है कि मुट्‌ठीभर लोगों ने देश की सम्पूर्ण शिक्षा और बुद्धि पर एकाधिपत्य कर लिया। यदि हम उन्नत होना चाहते हैं, तो हम जनसमूह में शिक्षा का प्रचार करके ही वैसे हो सकते हैं। निम्न वर्ग के लोगों को अपने खोए हुए व्यक्तित्व का विकास करने के लिए शिक्षा देना ही उनकी एकमात्र सेवा करना है। उनके सामने विचारों को रखो। संसार में उनके चारो ओर क्या चल रहा है इसकी ओर उनकी आँखें खोल दो, और तब वे अपनी मुक्ति का कार्य स्वयं कर लेंगे।

(i) देश की उन्नति का अनुपात क्या है ?

(ii) भारतवर्ष की पतनावस्था का मुख्य कारण क्या है ?

(iii) हम उन्नत कैसे हो सकते हैं ?

(iv) निम्न वर्ग के लोगों की एकमात्र सेवा क्या है ?

(v) निम्न वर्ग के लोग अपनी मुक्ति का कार्य कैसे कर सकेंगे ?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिये गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में निबंध लिखिए :– 1x10=10

(क) हमारी राष्ट्रभाषा : हिन्दी

(i) राष्ट्रभाषा का अर्थ एवं महत्त्व (ii) वर्तमान स्थिति एवं सरकारी प्रयास

(iii) उपसंहार

(ख) प्रातःकाल की सैर

(i) सैर का महत्त्व (ii) आवश्यकता

(iii) प्रातःकाल के दृश्य का वर्णन (iv) उपसंहार

(ग) गणतंत्र दिवस

(i) भूमिका (ii) महत्त्व

(iii) मनाने के तरीके (iv) इतिहास

(v) उपसंहार

(घ) सरस्वती पूजा

(i) प्रारम्भ (ii) पर्याय

(iii) उत्सव (iv) माहात्म्य

(ङ.) ग्रीष्म ऋतु

(i) प्रारम्भ (ii) महत्ता

(iii) लाभ एवं हानि (iv) उपसंहार

4. अपनी माताजी के पास एक पत्र लिखें, जिसमें उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गयी हो। 1x5=5

अथवा

मुहल्ले की सड़कों पर जलजमाव को लेकर दो छात्रों के बीच के संवाद को लिखें।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का लगभग 20–30 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : 5X2= 10

(i) ईद के दिन अमीना क्यों उदास थी ?

(ii) बालगोबिन भगत गृहस्थ थे। फिर भी उन्हें साधु क्यों कहा जाता था ?

(iii) सिरचन को पान का बीड़ा किसने दिया ?

(iv) पद्मा के ललकारने पर भी अशोक ने युद्ध करना स्वीकार क्यों नहीं किया ? लिखें।

(v) ईर्ष्या की बेटी किसे और क्यों कहा गया है ? पठित पाठ के आधार पर लिखें।

(vi) कर्मवीर की पहचान क्या है ? पठित कविता के आधार पर लिखें।

(vii) बिहारी के दोहे में, गोपियों ने कृष्ण की मुरली क्यों छुपाई ?

(viii) 'बच्चे की दुआ' शीर्षक कविता में कवि किन–किन चीजों की चाह रख रहा है?

(ix) पीपल के पेड़ हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी हैं ? पठित कविता के आधार पर लिखें।

(x) झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का बचपन किस प्रकार के खेलों में बीता ?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें : 1X5= 5

व्याख्या कीजिए :–

(i) "जैसे हुंडरू का झरना वैसे उसका मार्ग"।

(ii) "ऐसे बिहाल बिवाइन सों पग, कंटक–जाल लगे पुनि जोये,
हाय महादुख पायो सखा। तुम आये इतै न, कितै दिन खोये"